# जल्द गर्भ समाप्ति के लिए मेरे पास क्या विकल्प हैं (गर्भपात) उपचार?

| | देखें और इंतजार करें | उपचार | प्रक्रिया |
|---|---|---|---|
| यह कैसे काम करती है? | आप गर्भ के ऊतक के निकलने की प्रतीक्षा करती हैं। यह मरोड़ों और थक्के-युक्त रक्तस्राव के साथ होता है। | माइफ़प्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टोल नाम की दवाइयां गर्भ के ऊतक निकालने में सहायता करती हैं। आप केवल मिसोप्रोस्टोल गोलियों का भी उपयोग कर सकती हैं। आप इन गोलियों का घर पर उपयोग करती हैं। | एक क्लीनीशियन एक सरल ऑफिस सक्शन प्रक्रिया का इस्तेमाल करके गर्भ के ऊतकों को निकाल देता है, जिसे मैनुअल वैक्यूम एस्पिरेशन (MVA) कहा जाता है। यह स्थानीय एनेस्थीसिया अथवा बेहोशी के साथ किया जा सकता है। |
| क्या होगा? | आप मरोड़ होने और रक्तस्राव की प्रतीक्षा करें। यह किसी भी समय हो सकता है।<br>रक्तस्राव और मरोड़ें आम पीरियड की तुलना में काफी अधिक हो सकते हैं और कुछ घंटों तक रहती हैं।<br>हल्का रक्तस्राव अक्सर 1 से 2 सप्ताह तक रहता है यह कई बार रूक-रुक कर हो सकता है। | अगर आप इसका इस्तेमाल कर रही हैं तो आप पहले एक माइफ़प्रिस्टोन गोली खाएं, और उसके 24 घंटे के बाद, आप अपनी योनि में या अपने गालों और मसूड़ों के बीच मिसोप्रोस्टोल की गोलियां रखें ऐंठन और रक्तस्राव को कम करने के लिए मिसोप्रोस्टोल की गोलियां लेने से एक घंटा पहले दर्द की गोलियां लें।<br>मिसोप्रोस्टोल से मतली, दस्त और/या हल्का बुखार हो सकता है<br>रक्तस्राव और ऐंठन पीरियड की तुलना में बहुत अधिक हो सकती है। यह गोलियां लेने के लगभग 2 से 6 घंटे बाद शुरू होता है।<br>हल्का रक्तस्राव अक्सर 1 से 2 सप्ताह तक रहता है और यह कुछ बार रूक-रूक कर हो सकता है। | MVA ऑफिस में भी हो सकता है।<br>क्लिनिशियन हैंड-हेल्ड डिवाइस का उपयोग करके गर्भ के ऊतक को निकालता है।<br>आपको 3 से 7 दिनों तक हल्का रक्तस्राव और ऐंठन हो सकती है। |
| इसमें कितना दर्द होता है? | आपको तेज़ ऐंठन हो सकती है।<br>दर्द निवारक गोलियाँ और हीटिंग पैड दर्दनाक मरोड़ से आराम दिलाने में मदद कर सकते हैं। | आपको तेज़ ऐंठन होगी।<br>दर्द निवारक गोलियाँ और हीटिंग पैड मरोड़ को कम करने में मदद कर सकते हैं। | MVA के दौरान आपको हल्के से लेकर तेज़ ऐंठन हो सकती है। |
| यह कितनी अच्छी तरह से काम करती है? | यह 70-80% मामलों में कारगर होती है। यदि आपको पहले से ही रक्तस्राव हो रहा हो तो यह बेहतर ढंग से काम करती है। | 75-90% मामलों में गोलियां कारगर होती है।* | 98-100% मामलों में MVA कारगर होता है। |
| इसमें कितना समय लगता है? | इसमें कुछ सप्ताह लग सकते हैं। | गोलियां 84% महिलाओं में गर्भाशय को 2 दिनों के भीतर खाली कर देती हैं।* | गर्भाशय प्रक्रिया के दौरान खाली हो जाता है, जिसमें लगभग 5 से 10 मिनट का समय लगता है। |
| अगर इसमें अधिक समय लगता है या फिर यह काम नहीं करता है तो? | अगर इसमें बहुत ज्यादा समय लगता है, तो आप गोलियों या सक्शन प्रक्रिया के लिए किसी भी समय अपने क्लिनिशियन के ऑफिस वापस आ सकती हैं। | अगर यह काम नहीं करता है या इसमें बहुत ज्यादा समय लगता है, तो आप सक्शन प्रक्रिया या गोलियों की एक और खुराक के लिए अपने क्लिनिशियन के ऑफिस वापस जा सकती हैं। | बहुत ही कम मामलों में अगर यह काम नहीं करती है, तो आप दूसरा MVA करवाने के लिए वापस आ सकती हैं। |
| क्या यह सुरक्षित है? | **हां।** उपचार के सभी तीन विकल्प सुरक्षित हैं। | | |
| क्या मैं इसके बाद भी बच्चा पैदा कर सकती हूं? | **हां।** ये उपचार आपको भविष्य में गर्भवती होने या गर्भधारण करने से नहीं रोकते हैं।<br>एक बार जब गर्भावस्था समाप्त हो जाती है, तो जैसे ही आप तैयार महसूस करती है, आप गर्भधारण करने का प्रयास शुरू कर सकती हैं। | | |
| शुरूआती गर्भ समाप्त करने का क्या कारण था? | कृपया इस बात को समझें कि आपने ऐसा कुछ नहीं किया है जिससे गर्भपात हुआ। 4 में से 1 महिला शुरूआती गर्भपात का अनुभव करती है। हम गर्भपात होने के सभी कारणों को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। यह तनाव, खेल, भोजन या सेक्स के कारण नहीं होता है। | | |

* माइफ़प्रिस्टोन हमेशा उपलब्ध नहीं रहती है। माइफ़प्रिस्टोन की सफलता की दर 2 दिन में 84% और 8 दिन में 89% है। अकेले मिसोप्रोस्टोल की सफलता की दर 2 दिन में 67% और 8 दिन में 84% है।